मूल्य : एक रुपया
www.kay2steel.com

# स्टील टाइम्स

NOVEMBER, 2016
KAY2 STEEL LIMITED की गृह पत्रिका, वर्ष–1, अंक–03
E mail: info@kay2steel.com follow us on

देश भर के उपभोक्ताओं का विश्वास हासिल कर रहे KAY2 टीएमटी रिबार ने निर्माण सामग्री बाज़ार में क्रांति ला दी है। उपभोक्ताओं एवं निर्माणकर्मियों की पसंद बन चुके KAY2 स्टील लिमिटेड का आज सशक्त मार्केटिंग नेटवर्क बन चुका है और कंपनी की बाज़ार हिस्सेदारी लगातार बढ़ती जा रही है। एक ऐसे दौर में जब निर्माण सेक्टर के विकास की दर धीमी है कंपनी बहुत ही प्रभावशाली दर से विकास दर्ज कर रही है और नये बाज़ारों में अपने उत्पादों को सफलतापूर्वक लांच कर रही है। भारतीय निर्माण सामग्री बाज़ार के सशक्त ब्रांड के रूप में खुद को स्थापित कर चुके KAY2 टीएमटी रिबार को राष्ट्रीय–स्तर पर सराहा जा रहा है।

हाल ही में एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठित समारोह में आयरन व स्टील सेग्मेंट में **इंडियाज ग्रेटेस्ट ब्रैंड, 2015–16** का अवार्ड KAY2 टीएमटी रिबार को दिया गया। इस अवार्ड समारोह में भारत के बिजनेस, राजनीति, खेल, मनोरंजन एवं फैशन आदि क्षेत्रों के गणमान्य तथा प्रभावशाली लोग उपस्थित थे। अवार्ड देने के लिये विभिन्न मानदंडों; जैसे कि, KAY2 ब्रांड की मांग, उपभोक्ता के बीच KAY2 ब्रांड की छवि, KAY2 ब्रांड के विस्तार के साथ–साथ गुणवत्ता, कीमत और बाज़ार में उपलब्धता आदि को ध्यान में रख कर इसे विजेता चुना गया। विश्व की प्रतिष्ठित रिसर्च एजेन्सी, यूनाइटेड रिचर्स सर्विसेज द्वारा पूरी इंडस्ट्री की सोच और उपभोक्ता की प्रसन्नता के आधार पर चुन कर ही आयरन और स्टील सेग्मेंट में KAY2 स्टील लिमिटेड को ग्रेटेस्ट ब्रैंड घोषित किया गया है। अवार्ड की चयन प्रक्रिया की पूरी देखरेख विश्व के सबसे बड़े कंसल्टेंसी संस्थाओं में शामिल प्राइसवाटर हाउसकूपर प्रा. लि. द्वारा किया गया।

## इंडियाज ग्रेटेस्ट ब्रांड एवार्ड से सम्मानित हुआ Kay2 TMT



इस अवसर पर KAY2 स्टील लिमिटेड के बारे में जानकारी देते हुए कहा गया, ''ग्रेटेस्ट ब्रांड के रूप में KAY2 स्टील लिमिटेड के चुने जाने कि वज़ह कंपनी की देशव्यापी लोकप्रियता है। आधुनिक इंजीनियरिंग की आवश्यकता के अनुसार निर्मित होने की वज़ह से KAY2 टीएमटी रिबार भारत में उत्कृष्ट भवन निर्माण की पहचान बन चुका है। ज्यादातर उपभोक्ता और निर्माण सामग्री बाज़ार के जानकार मानते हैं कि आई एस/बीआईएस मानकों के अनुरूप अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले KAY2 500 एवं KAY2 500D टीएमटी रिबार की आज बाज़ार में धाक जम चुकी है। यही कारण है कि सर्वे के दौरान ज्यादातर लोगों ने KAY2 स्टील लिमिटेड को इंडियाज ग्रेटेस्ट ब्रांड के रूप में चुना है।''

अवार्ड ग्रहण करने के बाद सुश्री ईशिता ए. जैन, एजीएम–KAY2 स्टील लिमिटेड ने कहा, ''हमारे उत्पाद और हमारी तकनीक उपभोक्ताओं की मौलिक जरूरत को केन्द्र में रख कर बनाये गए हैं। निर्माण की तीनों मौलिक जरूरतें यानि मकान की मजबूती, लंबी उम्र और भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा से सुरक्षा को KAY2 टीएमटी रिबार हर तरह से पूरा करता है। इसका कारण है इनकी निर्माण प्रक्रिया में बेहतरीन सामग्री एवं अत्याधुनिक तकनीक का प्रयोग जो कि KAY2 टीएमटी रिबार को हर दृष्टिकोण से सबसे मज़बूत बनाता है। और इसीलिए आज देश भर में ये सभी प्रकार के निर्माण के लिये विश्वसनीय हैं।''

उपभोक्ताओं और इंडस्ट्री के जानकारों को इस अवार्ड के लिए KAY2 स्टील लिमिटेड को चुनने के लिए धन्यवाद देते हुए श्री सुनील अग्रवाल, निदेशक–KAY2 स्टील लिमिटेड ने कहा, ''इस सम्मानित अवार्ड को पाने से हमारी ब्रांड इक्विटी और भी बढ़ेगी। भारत भर में हमारे टीएमटी उत्पादों की लगातार बढ़ रही मांग में आने वाले समय में और भी वृद्धि का अनुमान है। इसे देखते हुये कंपनी ने मार्केटिंग नेटवर्क को और भी अधिक मज़बूत बनाने की ओर क़दम बढ़ाये हैं, जिससे कि भारत भर के बाज़ारों में KAY2 टीएमटी उत्पाद आसानी से उपलब्ध हो सकें।''

# मध्य प्रदेश के निर्माणकर्मियों के साथ Kay2 स्टील लिमिटेड जागरूकता संवाद

भारत की लोकप्रिय टीएमटी रिबार मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी, KAY2 स्टील लिमिटेड का उद्देश्य है कि देश में मज़बूत निर्माण हो जिससे जान–माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कंपनी इस दिशा में सक्रिय योगदान देते हुए अच्छी गुणवत्ता के टीएमटी का उत्पादन कर रही है। सही और मज़बूत निर्माण को बढ़ावा देने की मुहिम के तहत KAY2 स्टील लिमिटेड समय–समय पर निर्माणकर्मियों के लिये जागरूकता संवाद के नाम से बैठकों का आयोजन करती रहती है।

25 सितंबर, 2016 को भी कंपनी ने मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा ज़िले के पंधुरना में स्थानीय मैसन और कांट्रैक्टर को भवन निर्माण के दौरान बढ़िया गुणवत्ता के टीएमटी सरिए का प्रयोग के फायदों की जानकारी देने के लिए जागरूकता संवाद आयोजित किया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्थानीय डीलर मेसर्स पवन ट्रेडर्स के प्रोपराइटर श्री कपिल जुनेजा ने सहयोग दिया। डीलर्स प्वाइट पर आयोजित इस जागरूकता संवाद बैठक में स्थानीय KAY2 डिस्ट्रीब्यूटर श्री अमित अग्रवाल भी शामिल हुये। KAY2 स्टील लिमिटेड की ओर से श्री भुवन प्रताप सिंह, असि. मैनेजर एवं श्री राहुल थापा, मार्केटिंग एक्जेक्यूटिव उपस्थित हुये। बैठक में आस–पास के क्षेत्र से आए 50 मैसन और कांट्रैक्टर ने भाग लिया।

KAY2 टीएमटी रिबार की गुणवत्ता के बारे में बताते हुए श्री भुवन प्रताप सिंह ने कहा, ''KAY2 टीएमटी रिबार एक उत्कृष्ट एवं अग्रणी टीएमटी उत्पाद है, जो भारत भर में पसंद किया जा रहा है। KAY2 स्टील लिमिटेड में क्वालिटी को सबसे ऊपर माना जाता है। KAY2 टीएमटी रिबार रासायनिक और भौतिक गुणों में भारतीय मानक के साथ–साथ अंतर्राष्ट्रीय मानक पर भी खरे उतरते हैं और उपभोक्ताओं को विश्वस्तरीय क्वालिटी देते हैं।''

कार्यक्रम के दौरान टीएमटी चुनते समय किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए इसके बारे में भी उपस्थित मैसन और कांट्रैक्टर को जानकारी दी गई। KAY2 स्टील लिमिटेड के अधिकारियों ने जागरूकता संवाद के दौरान पूछे गए सवालों का जवाब दिया और निमार्णकर्मियों को सुरक्षित निर्माण से संबंधित टिप्स दिये।




## Kay2 Knight



**श्री मोहित सिंगला,**
**वर्धमान इस्पात उद्योग**

**KAY2** स्टील लिमिटेड के डिस्ट्रीब्यूटर्स श्री मोहित सिंगला समर्पण और परिश्रम की जीती–जागती मिसाल हैं। इनकी उपलब्धि कंपनी के अंदर हमेशा उल्लेखनीय रही है। श्री मोहित सिंगला ने हर बार अपने वादे और निर्धारित लक्ष्य के प्रति जबरदस्त प्रतिबद्धता दिखाई है। लंबे समय से ही **KAY2** स्टील लिमिटेड से जुड़े रहे श्री मोहित सिंगला निर्माण सामग्री बाज़ार के एक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व हैं और लोगों के लिए प्रेरणा का श्रोत बन चुके हैं।

# हरियाणा के निर्माणकर्मियों ने की Kay2 टीएमटी की तारीफ




आधुनिक इंजीनियरिंग की आवश्यकता के अनुसार निर्मित होने वाला KAY2 टीएमटी रिबार आज हरियाणा में धूम मचा रहा है। विभिन्न KAY2 टीएमटी उत्पादों की मांग राज्य में एक बड़े उपभोक्ता वर्ग के बीच बन चुकी है। अत्याधुनिक तकनीक द्वारा निर्मित KAY2 टीएमटी रिबार के बारे में राज्य के भवन निर्माण से जुड़े कामगार ज्यादा से ज्यादा परिचित हो सकें इस उद्देश्य को लेकर कंपनी राजमिस्त्रियों की बैठक आयोजित करती है, जिसे KAY2 स्टील लिमिटेड जागरूकता संवाद कहते हैं।

हरियाणा के रेवाड़ी और महेन्द्रगढ़ ज़िले के राजमिस्त्रियों के साथ 30 सितंबर, 2016 को इसी प्रकार की एक बैठक का आयोजन किया गया। महेन्द्रगढ़ के अटेली मंडी स्थित डीलर मेसर्स गोपी इंटरप्राइज़ेज के प्रोपराइटर श्री मनोज जी के सहयोग से आयोजित इस बैठक के मुख्य अतिथि पी. डब्ल्यू. डी. रेवाड़ी के अधिकारी श्री रामनिवास जी थे। कार्यक्रम में KAY2 स्टील लिमिटेड के डिस्ट्रीब्यूटर श्री दिलीप शर्मा, श्री मनोज एवं श्री सुभाष भी शमिल हुए। जागरूकता संवाद में स्थानीय राजमिस्त्रियों की अच्छी उपस्थिति देखने को मिली। कंपनी के अधिकारी श्री सुशील पांडे ने इस बैठक का संचालन किया।

राजमिस्त्रियों को आधुनिक और बेहतर निर्माण हेतु बेहतर गुणवत्ता वाले KAY2 टीएमटी रिबार का उपयोग करने के लाभ समझाते हुए, श्री सुशील पांडे ने कहा, ''भूकंप की लगातार हो रही घटनाओं को देखते हुए आप सबका कर्तव्य है कि आप मकान में अच्छी क्वालिटी का सरिया लगाए। सोचिए! अगर सरिया ही गलत क्वालिटी का होगा तो वह मक़ान भूकंप में कैसे टिका रह सकता है? श्रेष्ठ भूकंप प्रतिरोधक गुणों की वज़ह से KAY2 टीएमटी रिबार से बने मकानों में भूकंप का डर नहीं है। KAY2 टीएमटी रिबार 8 एमएम से लेकर 32 एमएम तक की हर साइज में उपलब्ध है। KAY2 टीएमटी रिबार देश भर में भरोसेमंद है और आप भी इस पर पूरा भरोसा कर सकते हैं।'' बैठक में शामिल राजमिस्त्री अच्छी तरह सारी जानकारी पाकर बहुत खुश हुये। उन्होंने KAY2 टीएमटी रिबार की क्वालिटी को समझ कर इन उत्पादों की जमकर तारीफ़ की।

# Kay2 स्टील लिमिटेड में कारपोरेट लीडरशिप कार्यक्रम




भारतीय बाज़ार में KAY2 टीएमटी रिबार की बेहतरीन ब्राण्ड इक्विटी का एक बड़ा श्रेय KAY2 स्टील लिमिटेड के मैनेजमेंट की प्रखर नेतृत्व क्षमता को जाता है। कंपनी अपने अधिकारियों के प्रशिक्षण और क्षमता विकास पर पूरा ध्यान देती है और उन्हें बेहतर से बेहतर व्यावसायिक समझ विकसित करने का लगातार अवसर प्रदान करती है। विश्वस्तरीय गुणवत्ता वाले KAY2 टीएमटी रिबार की निर्माता कंपनी KAY2 स्टील लिमिटेड की सोच है कि भारतीय निर्माण की क्वालिटी किसी से पीछे ना रहे और यहाँ भी सदियों तक टिके रहने वाली अटूट इमारतें और इंफ्रास्टक्चर्स का निर्माण हो। इसी सोच को साकार करने के लिए कंपनी देश भर में अपने मार्केट को विस्तार देने में लगातार जुटी है। कंपनी का मानना है कि इस विस्तार को गति देने के लिए अधिकारियों में प्रेरणा, उत्साह, महत्वाकांक्षा और कौशल इन चारों का होना आवश्यक है।

सुश्री ईशिता ए. जैन, एजीएम–KAY2 स्टील लिमिटेड का मानना है कि, "KAY2 टीएमटी रिबार भारतीय बाज़ार में छा जाने को तैयार है। KAY2 स्टील लिमिटेड के तमाम अधिकारी कंपनी के विस्तार योजनाओं के प्रति पूरे तौर पर प्रतिबद्ध हैं। इस प्रतिबद्धता के साथ अगर उन्हें क्षमता विकास के नए स्तर तक ले जाया जाए तो वे कंपनी के लिए अनमोल मानव संसाधन सिद्ध हो सकते हैं। भारतीय बाज़ार में टीएमटी रिबार को खरीदने और पसंद करने के अंदाज़ को बदलने के इरादे के साथ लगातार आगे बढ़ रहा KAY2 स्टील लिमिटेड वैल्यू फॉर मनी क्वालिटी उत्पादों के जरिये नये बाज़ारों में अपनी पैठ बना रहा है। साथ ही अपने अधिकारियों और चैनल पार्टनर्स को विश्वस्तरीय बिजनेस मॉडल्स से परिचित करा कर और प्रशिक्षण देकर कंपनी सेवा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाकर अपने मौजूदा उपभोक्ताओं के दिल में मज़बूत जगह बना रहा है।"

KAY2 स्टील लिमिटेड के अधिकारियों में नेतृत्व क्षमता विकास के लिए इसी तरह की एक कार्यशाला 27 अगस्त, 2016 को गुरुग्राम के होटल प्लैज़ियो में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में 45 अधिकारियों ने भाग लिया। KAY2 स्टील लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल के अलावा सुश्री ईशिता ए. जैन, एजीएम, श्री पुनीत अरोड़ा, मैनेजर–ब्रांड प्रोमोशन समेत कई वरिष्ठ अधिकारी भी इस कार्यशाला में उपस्थित थे। प्रसिद्ध मोटिवेशनल गुरू श्री विवेकानंद विवेक ने कार्यशाला के दौरान सभी प्रतिभागियों को कारपोरेट प्रदर्शन, बेहतर कार्य परिणाम एवं तनाव प्रबंधन जैसे विषयों पर उपयोगी जानकारियां दी।

इस अवसर पर अधिकारियों के समक्ष दिए प्रेरणादायी संबोधन में KAY2 स्टील लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, "KAY2 स्टील लिमिटेड जैसी विश्वसनीय गुणवत्ता वाले भवन निर्माण सामग्री ब्राण्ड के लिए भारतीय बाज़ार में अपार संभावनायें हैं। आज भी छोटे शहर और गाँव के उपभोक्ता पुरानी तकनीकों और सस्ते रॉ–मैटेरियल अथवा स्क्रैप से बने लोकल मेड सरियों का इस्तेमाल कर भवन निर्माण करवा रहे हैं। हमें हर इमारत को पूर्णतः सुरक्षित बनाने की सोच के साथ भूकंपरोधी निर्माण हेतु उपयुक्त KAY2 टीएमटी रिबार को एक देशव्यापी ब्राण्ड बनाना है। KAY2 स्टील लिमिटेड पूरी क्षमता से आगे बढ़ रही कंपनी है और आप सभी अधिकारियों में भी पूरे दम–खम से इस विकास का भागीदार बनने ज़ज्बा होना जरूरी है।"




# बिहार Kay2 स्टील लिमिटेड डीलर्स में नई सोच, नया जोश

KAY2 टीएमटी रिबार आज भारत के कई राज्यों में सर्वोत्तम क्वालिटी के टीएमटी रिबार के रूप में पहचाना जाने लगा है। बेहतरीन टीएमटी रिबार की आवश्यकता को पूरा करते हुए बीआईएस के मानक के अनुसार अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित सर्वोत्तम गुणवत्ता के KAY2 500 एवं KAY2 500D टीएमटी रिबार आज अधिकांश महत्वपूर्ण बाज़ारों में उपलब्ध हैं। देश के इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में धाक जमा चुके KAY2 टीएमटी रिबार की मॉग आज हर तरह के उपभोक्ताओं के बीच बन चुकी है।

देश के कई राज्यों में KAY2 टीएमटी रिबार की बाज़ार हिस्सेदारी पिछले कुछ समय से बहुत ही तेजी से बढ़ रही है। बिहार में खास तौर से कंपनी ने बेहतर बाज़ार मांग बनाने में क़ामयाबी पाई है। पुराने दौर के स्थापित ब्राण्डों और लोकल कंपनियों द्वारा निर्मित सरिए के मार्केट शेयर में कटौती करते हुए KAY2 टीएमटी उत्पाद ने अपनी क्वालिटी का परचम लहराया है। राज्य के डीलर्स को प्रेरित और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कंपनी ने थाइलैंड में एक चैनल पार्टनर मीट का आयोजन किया।

थाईलैंड में समुद्रतट पर स्थित विश्वप्रसिद्ध पर्यटन स्थल पट्टाया की हसीन वादियों में आयोजित इस कार्यक्रम का थीम ''नई सोच नया जोश'' था। बिहार के विभिन्न क्षेत्रों से 160 डिस्ट्रीब्यूटर्स और डीलर्स इस चैनल पार्टनर मीट में भाग लेने पट्टाया आए। पट्टाया के मशहूर लांग बीच होटल में आयोजन का भव्य इंतज़ाम किया गया था। KAY2 स्टील लिमिटेड के आपरेशन हेड–बिहार श्री सागर कुमार के साथ बिहार टीम के अधिकारी हिमांशु कुमार, मुकेश कुमार एवं रंजीत कुमार इस मीट में शामिल थे। कंपनी के हेड ऑफिस से वरिष्ठ अधिकारी श्री एस. बी. शर्मा और श्री पुनीत सिंह अरोड़ा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। राज्य में KAY2 स्टील लिमिटेड फ्रेन्चाइजी मेसर्स दीना आयरन एंड स्टील लिमिटेड, पटना के निदेशक श्री संजय भरतिया ने भी इस चैनल पार्टनर मीट में शिरकत किया।

बाज़ार रणनीति बनाने के उद्येश्य से आयोजित इस बैठक का मुख्य मक़सद था कि KAY2 टीएमटी रिबार के लिए मौजूद बाज़ार संभावनाओं का पूरा उपयोग करते हुए कंपनी और इसके चैनल पार्टनर्स तेज़ विकास की ओर क़दम बढ़ायें। कंपनी के अधिकारियों ने मीट के दौरान पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से कंपनी एवं विभिन्न KAY2 टीएमटी उत्पादों से जुड़ी जानकारी दी।

कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल अपरिहार्य कारणों से चैनल पार्टनर मीट में स्वयं उपस्थित नहीं हो सके, किंतु उन्होंने वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए सभी उपस्थित चैनल पार्टनर्स एवं अधिकारियों को संबोधित किया। कार्यक्रम के थीम के अनुसार ही अपने प्रेरणादायी और उत्साहवर्द्धक वक्तव्य के द्वारा श्री सुनील अग्रवाल ने सभी को नई सोच नए जोश से भर दिया। उन्होंने बताया कि, ''KAY2 टीएटी रिबार आधुनिक दौर की जरूरत के अनुसार बनाया गया वर्ल्ड–क्लास उत्पाद है। उपभोक्ता जानते हैं कि मैन्यूफैक्चरिंग के हर स्तर पर KAY2 टीएमटी रिबार की श्रेष्ठता सुनिश्चित की जाती है और इसीलिए KAY2 टीएमटी उत्पाद न केवल बीआईएस मानकों के अनुरूप है बल्कि उससे भी अधिक अच्छी क्वालिटी देते हैं। रिटेल उपभोक्ताओं से लेकर बड़े–बड़े बिल्डर्स का विश्वास जीतते हुए हमारे टीएमटी उत्पादों ने क्वालिटी के दम पर बाज़ार में अपनी पकड़ जमा ली है।''

KAY2 स्टील लिमिटेड से जुड़ कर नई सोच और नय जोश के साथ तरक्की करने का संदेश देते हुए श्री सुनील अग्रवाल ने आगे कहा, ''आपको जान कर खुशी होगी कि देश भर में मिल रही सफलता को देखते हुये कंपनी ने मार्केटिंग नेटवर्क को और भी अधिक मज़बूत बनाने की ओर क़दम बढ़ाया है। कंपनी इंटरनेशनल स्टैन्डर्ड का एक देशव्यापी मार्केट नेटवर्क तैयार करने के दृष्टिकोण से नए चैनल पार्टनर्स बना रही है। हमारा मकसद है कि भारत भर के बाज़ारों की तरह बिहार में भी KAY2 टीएटी उत्पाद आसानी से उपभोक्ताओं को उपलब्ध हो सके। कंपनी की विस्तार योजना भवन निर्माण सामग्री बाज़ार का अनुभव रखने वाले बिहार के व्यावसायियों के लिए एक सुनहरा अवसर है।''